परन्तु वायुयान के एक या अधिक वर्गों में ऐसे कार्य को, यदि उन अनुमोदित प्रक्रियाओं, प्रथाओं और पद्धतियों के अनुसरण में उसे किया गया है जो कि महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं, तो अनुमोदित संगठन अनुज्ञप्त इंजीनियरों या इस निमित्त प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा, पर्यवेक्षण या उसे प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं होगी ।'

22. उक्त नियमों के नियम 55 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'55. उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र का निलम्बन या रद्दकरण या उसकी निरन्तर विधिमान्यता :—

किसी वायुयान की उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र को उस दशा में निलम्बित समझा जाएगा जब कि :—

(क) वह वायुयान प्रचालन, अनुरक्षण, परिवर्तन, मरम्मत या अदला-बदली, ओवरहाल, प्रक्रिया या निरीक्षण जो उस वायुयान को लागू हो, की बाबत् इन नियमों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रह जाता है या अनुरूप होने में असफल रहता है, या

(ख) वायुयान में ऐसा परिवर्तन किया जाता है या ऐसी मरम्मत की जाती है जो कि इन नियमों के उपबन्धों के अनुसरण से भिन्न रूप में है,

(ग) वायुयान को बड़ी क्षति होती है, या

(घ) वायुयान में बड़ी त्रुटि पैदा हो जाती है जिससे पश्चात्वर्ती उड़ानों के दौरान वायुयान या उसके अधिभोगियों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है ।

(2) यदि महानिदेशक का किसी समय समाधान हो जाता है कि वायुयान की सुरक्षा या उस टाइप की जिसका वह वायुयान है, सुरक्षा के सम्बन्ध में कोई युक्तियुक्त संदेह विद्यमान हो, तो वह—

(क) उस वायुयान की बाबत् उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र निलम्बित या रद्द कर सकेगा ; या

(ख) वायुयान या वायुयान घटक या उस वायुयान के उपस्कर के मद की बाबत यह अपेक्षा कर सकेगा कि प्रवृत्त रहने वाले उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र की शर्त के रूप में ऐसा परिवर्तन, मरम्मत, अदला-बदली, ओवरहाल, निरीक्षण किया जाए जिसमें ऐसे किसी अनुमोदित व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन किए गए उड़ान परीक्षण और परीक्षा भी है जिसे महानिदेशक विनिर्दिष्ट करे ।

(3) उपनियम (4) के अधीन रहते हुए किसी वायुयान की उड़ान किसी ऐसी अवधि के दौरान जिसके लिए उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र निलम्बित किया गया है या निलम्बित किया गया समझा गया है, नहीं की जाएगी ।

(4) जहां किसी वायुयान की उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र निलम्बित किया गया है या निलम्बित किया गया समझा गया है, वहां महानिदेशक, वायुयान के स्वामी या प्रचालक द्वारा किए गए आवेदन पर और ऐसी अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए जो वायुयान और उसमें के व्यक्तियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए,—

(क) किसी वायुयान का फलक पर यात्रियों के बिना किसी स्थान को पहली उड़ान करने की अनुज्ञा उस दशा में दे सकेगा, जब कि उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र के निलम्बन को हटाने के लिए अपेक्षित अनुरक्षण नियमों के अनुसरण में किया जा सकता है ।

(ख) प्रयोग या परीक्षणों के प्रयोजन के लिए उड़ान प्राधिकृत कर सकेगा;

(ग) जहां व्यक्तियों या वायुयान की सुरक्षा या सहायता अन्तर्वलित हो वहां उड़ान प्राधिकृत कर सकेगा ।

(5) महानिदेशक, साधारण या विशेष आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो उस आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं, किसी वायुयान को इस नियम के किसी उपबंध के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा ।'

23. उक्त नियमों के नियम 56 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'56. भारत के बाहर चलने वाला भारतीय वायुयान—जहां भारत में रजिस्ट्रीकृत कोई वायुयान भारत के बाहर किसी देश में चल रहा हो, वहां वायुयान या उसका कोई घटक या उपस्कर की मदों में परिवर्तन, मरम्मत, अदला-बदली, निरीक्षण या ओवरहाल निम्नलिखित द्वारा पर्यवेक्षण या प्रमाणित करने के सिवाय नहीं किया जाएगा—

(क) संविदाकारी राज्य की दशा में, ऐसा व्यक्ति, जिसे संविदाकारी राज्य के समुचित प्राधिकारी द्वारा कन्वेन्शन के अनुसरण में अपनाए गए और इस प्रयोजन के लिए महानिदेशक द्वारा पर्याप्त माने गए न्यूनतम अपेक्षाओं के अनुसार इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित किया गया हो ।

(ख) संविदाकारी राज्य से भिन्न किसी देश की दशा में, ऐसा व्यक्ति, जिसके पास ऐसी अर्हताएं हों जिन्हें महानिदेशक द्वारा इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त माना गया है ।'

24. उक्त नियमों के नियम 57 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'57. उपकरण और उपस्कर :—प्रत्येक वायुयान को रेडियो साधित्र और विशेष उपस्कर सहित जो उपयोग के अनुसार और उन परिस्थितियों के अधीन जिसमें उड़ान की जाती है, विनिर्दिष्ट किए जाएं, उपकरण और उपस्कर फिट और लैस किए जाएंगे ।

(2) ऐसे उपकरण और उपस्कर अनुमोदित टाइप के होंगे और उन्हें अनुमोदित रीति से लगाया जाएगा और उसे सेव्य दशा में अनुरक्षित किया जाएगा ।

25. उप नियमों के नियम 58 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'58. भार और अतिशेष—(1) प्रत्येक वायुयान का भार लिया जाएगा और उसे समुचित रूप से चिह्नित किया जाएगा और उसका गुरुत्व केन्द्र अवधारित किया जाएगा । अपेक्षित विन्यास (विन्यासों) के संबंध में, गुरुत्व केन्द्र परिकलित स्थितियां उपदर्शित करने वाली भार अनुसूची और परिमाण शीट ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, किसी अवयान के फलक पर सम्प्रदर्शित की जाएंगी या उसमें रहने की जाएंगी ।

(2)(क) कोई वायुयान उस अधिकतम अनुज्ञेय भार जो उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट हो या जो महानिदेशक द्वारा प्राधिकृत हो, से अधिक भार सहित उड़ान या अवतरण करने का प्रयास नहीं करेगा ।

(ख) उड़ान और अवतरण सहित किसी उड़ान के दौरान किसी वायुयान के भार को इस प्रकार वितरित किया जाएगा कि वायुयान की गुरुत्व केन्द्र की स्थिति उन सीमाओं के भीतर आती है जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट या अनुमोदित हों :

परन्तु महानिदेशक, लिखित विशेष आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो उस आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं किसी वायुयान को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा ।'

26. उक्त नियमों के नियम 59 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'59. दोष और दोषपूर्ण भाग—

(1) भारत में रजिस्ट्रीकृत किसी वायुयान के बड़े दोष या बड़ी क्षति की बाबत् महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में रिपोर्ट की जाएगी ।

(2) जब किसी वायुयान के किसी भाग को दोषपूर्ण पाया जाता है या उसके दोषपूर्ण होने का सन्देह होता है, तब महानिदेशक, परीक्षा के लिए इस निमित्त उसे अपने द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति या संगठन को परिदत्त करने की अपेक्षा कर सकेगा ।

27. उक्त नियमों के नियम 59 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

'59क. किसी विदेशी वायुयान के दोष:—(1) जब कि भारत के बाहर रजिस्ट्रीकृत किसी वायुयान में, जब कि वह भारतीय क्षेत्र में हो, कोई बड़ी क्षति होती है या बड़ा दोष हो जाता है, तब महानिदेशक उस तथ्य को अभिनिश्चित करने पर, ऐसे वायुयान को उड़ान करने से प्रतिषिद्ध कर सकेगा ।

(2) जहां उप नियम (1) के अनुसरण में महानिदेशक किसी वायुयान को उड़ान करने से प्रतिषिद्ध करता है, वहां वे वायुयान के रजिस्ट्रीकरण के देश के समुचित प्राधिकारी को उस कार्यवाही, जो उसने की है की बाबत जानकारी और सही गई क्षति या पाए गए दोष की बाबत् रिपोर्ट देगा ।

(3) उप नियम (1) के अनुसरण में अधिरोपित प्रतिषेध को तब तक नहीं हटाया जाएगा, जब तक कि वायुयान के रजिस्ट्रीकरण के देश का समुचित प्राधिकारी महानिदेशक को निम्नलिखित अधिसूचित नहीं करता है कि—

(क) सही गई क्षति या अभिनिश्चित किए गए दोष को दूर कर दिया गया है;

(ख) सही गई क्षति या पाया गया या अभिनिश्चित किया गया दोष ऐसी प्रकृति का नहीं है जो कन्वेन्शन के अनुसरण में अपनाए गए न्यूनतम अपेक्षाओं को निवारित करे ।

(ग) किसी विशिष्ट मामले की परिस्थितियों में, वायुयान को यात्रियों के बिना, ऐसे स्थान तक उड़ान करने दिया जाएगा जहां पर वह उड्डयन योग्यता की हालत पुनः प्राप्त कर सके ।

(4) उप नियम (1) के अनुसरण में अधिरोपित प्रतिषेध हटाने में, महानिदेशक वायुयान के प्रचालन के संबंध में ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकेगा, जो वायुयान के रजिस्ट्रीकरण के देश के समुचित प्राधिकारी द्वारा उसे अधिसूचित की गई है ।'

28. उक्त नियमों के नियम 60 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'60. अनुरक्षण, स्तरमान और प्रमाणीकरण—(1) इस नियम में 'अनुरक्षण' का निर्देश उस सभी कार्य के किए जाने के प्रति है जो यह सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है कि वायुयान उड्डयन योग्य और सुरक्षित है जिसमें वायुयान की सर्विस करना और उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित, वायुयान में सभी परिवर्तन, मरम्मत, अदला-बदली, ओवर हाउल, प्रक्रिया, उपचार, परीक्षण, प्रचालन और निरीक्षण, वायुयान घटक और उपस्कर सब भी हैं ।'

(2)(क) महानिदेशक, किसी वायुयान, वायुयान घटक, उपस्कर की मद और उपस्कर की मद की बाबत, उसकी अनुरक्षण के लिए मानक शर्तें विनिर्दिष्ट कर सकेगा ।

(ख) महानिदेशक, अनुरक्षण अपेक्षाएं अधिसूचित करते समय और अनुरक्षण प्रणाली अनुमोदित करते समय, निम्न बातों को ध्यान में रखेगा—

(1) उपलब्ध अनुरक्षण सुविधाएं;

(2) उड़ान के समय में कलैण्डर समय में या किसी अन्य आधार पर अन्तराल जो निरीक्षणों, परीक्षणों या ओवरहालों के बीच सुरक्षापूर्वक व्यतीत हों; या

(3) अनुरक्षण की बाबत रखे गए अभिलेखों की अन्तर्वस्तु, उनकी व्ययन और उनके परिरक्षण की अवधि ।

(4) कार्यवाही का वह प्रकार जिसमें वायुयान गया हुआ है;

(5) ऐसी दशा जो आर्द्र जलवायु की दशा के समान है या अन्य बातें और उड़ान के मार्ग या प्रयुक्त किए गए अड्डे जिनका उड्डयन योग्यता पर असर हो; और

(6) अन्य कोई सुसंगत विचार ।

(3) लोक परिवहन से जिसमें हवाई कार्य और उड्डयन प्रशिक्षण भी हैं, लगे हुए किसी वायुयान की उड़ान तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि—

(क) उसका अनुरक्षण ऐसी अपेक्षाओं के अनुसार नहीं किया गया है जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए या जो अनुमोदित अनुरक्षण अनुसूचियों और प्रणाली में अनुबंधित किए जाएं;

(ख) महानिदेशक द्वारा इस प्रयोजना के लिए अनुज्ञप्त या अनुमोदित या प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा या उसके अधीन वायुयान का अनुरक्षण नहीं किया गया है; और

(ग) किए गए समस्त अनुरक्षण की बाबत् समुचित रूप से अनुज्ञप्त इंजीनियरों, अनुमोदित या प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा ऐसे 'प्रमाणपत्र' जो महानिदेशक द्वारा विहित किया जाए, के माध्यम से विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रमाणित नहीं कर दिया जाता है ।

(4) प्रमाणपत्र की अन्तर्वस्तुओं, प्ररूप, अवधि या विधिमान्यता व्ययन, परिरक्षण ऐसे प्ररूप और रीति में होगा जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

(5) यदि इस नियम के अनुसरण में प्रमाणपत्र जारी होने के पश्चात्, कोई वायुयान क्षतिग्रस्त हुआ है या उसमें ऐसा कोई दोष पाया गया है जो कमियों की अनुमोदित सूची में आने वाले दोषों से भिन्न हैं जिनके कारण उड़ान के लिए वायुयान असुरक्षित हो जाता है और सामान्य वैमानिक प्रथा के अनुसार पायलट या कर्मीदल द्वारा जिनका सुधार नहीं किया जाता है, तो कोई भी वायुयान उड़ान प्रारंभ नहीं करेगा :

परन्तु महानिदेशक साधारण या विशेष आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो उस आदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं, किसी वायुयान को, इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेंगे ।

29. उक्त नियमों के नियम 60 के उप नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

'(1) नियम 54 के प्रयोजन के लिए, केन्द्रीय सरकार, वायुयान अनुरक्षण इंजीनियरों, प्राधिकृत या अनुमोदित व्यक्तियों की हैसियत में काम करने के लिए और वायुयान के संनिर्माण, मरम्मत ओवरहाल और अनुरक्षण के संबंध में ऐसे प्रमाणपत्रों का जो महानिदेशक द्वारा विहित किए जाएं या इन नियमों के अधीन अपेक्षित हों, हस्ताक्षर करने के लिए व्यक्तियों को अनुज्ञप्तियां, प्राधिकार और अनुमोदन दे सकेगा ।

30. उक्त नियमों के नियम 67 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा, अर्थात् :—लॉग बुक और लोक—

भारत में रजिस्ट्रीकृत सभी वायुयानों को बाबत निम्नलिखित लॉग बुक रखे जाएंगे और अनुरक्षित की जाएंगी, अर्थात् :—

(क) यात्रा लाग बुक,

(ख) वायुयान लाग बुक,

(ग) वायुयान में लगे हुए प्रत्येक इंजन के लिए लाग बुक

(घ) वायुयान में लगे हुए प्रत्येक अस्थिर पिच नोदक के लिये एक नोदक लाग बुक,

(ङ) ऐसे वायुयान के लिए जिस पर रेडियो समाचित्र फिट किया गया है, रेडियो साचित्र लाग बुक,

(च) अन्य कोई लाग बुक जिसकी अपेक्षा महानिदेशक द्वारा की जाये।

(2) महानिदेशक अपेक्षा कर सकेगा कि किसी वायुयान की वायत सकनीकी लाग या उड़ान लाग की व्यवस्था की जा सकी और उनका ऐसी रीति में अनुरक्षण किया जायेगा जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(3) लाग बुक ऐसे प्रकार की होंगी और उसमें ऐसी जानकारी, प्रविष्टियां और प्रमाणीकरण होंगे जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायें। लाग बुक और लाग का ऐसे समय तक परिरक्षा किया जायेगा जो विनिर्दिष्ट किया जाये।

स्पष्टीकरण:—इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'यात्रा लाग बुक' पद से ऐसी अन्य दस्तावेज भी हैं जिसमें इस निमित अपेक्षित जानकारी है और जो महानिदेशक को स्वीकार्य हो।

31. उक्त नियमों के नियम 133-क के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

'133-क' महानिदेशक द्वारा निदेश :

महानिदेशक, वैमानिकों (एन ओ टीए एम एस) की, सूचनाओं, वैमानिक सूचना परिपत्रों के (ए आई सी एल), वायुयान स्वामियों और अनुरक्षण इंजीनियरों को सूचनायें और सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षा के लिए हकदार प्रकाशन के माध्यम से वायुयान अधिनियम, 1934, (1934 का 22) या इन नियमों के असंगत न होने वाले विशेष निदेश भारत में या भारत के ऊपर उड़ने वाले वायुयान या भारत में रजिस्ट्रीकृत वायुयान के प्रचालन, उपयोग, कब्जा, अनुरक्षण या परिवहन के संबंध में जारी कर सकेगा।'

32. उक्त नियमों के भाग 12-क के पश्चात् निम्नलिखित भाग अन्तः स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

'भाग 12-ख प्रचालकों से भिन्न संगठनों के लिए इंजीनियरों, निरीक्षण और सामान्य अपेक्षाएं।

'133-ख अनुमोदित संगठन—

(1) (क) इस भाग में 'संगठन' ऐसे संगठन या व्यक्ति के प्रति निर्देश करता है जो निम्नलिखित एक या अधिक क्रियाकलाप में लगा हुआ है, अर्थात्—

(i) सामग्री, फोर्जिंग, कास्टिंग, मानक भागों सहित वायुयान, वायुयान घटक और उपस्कर की मदों का डिजाइन और विनिर्माण;

(ii) वायुयान घटक और उपस्कर की मदों का अनुरक्षण, ओवरहाल, परिवर्तन, मरम्मत, निरीक्षण, उपचार, संशोधन;

(iii) वायुयान ईंधन, स्नेहकों, विशेष उत्पन्नों का विनिर्माण, भंडारकरण, वितरण और प्रदाय।

(iv) वायुयान, वायुयान घटक, उपस्कर की मदों, सामग्री, मानक भागों का भंडारकरण और वितरण;

(v) प्रयोगशालाएं और उनमें किये जाने वाले परीक्षण;

(vi) प्रशिक्षण विद्यालय।

(ख) इस भाग में 'नियम पुस्तक' से क्वालिटी नियंत्रण पुस्तक, डिजाइन नियम पुस्तिका, प्रशिक्षण नियम पुस्तिका, भंडार सामग्री नियम पुस्तिका अभिप्रेत है जिसकी व्यवस्था उप-नियम (4) के अधीन किसी संगठन द्वारा किये जाने की अपेक्षा है।

(2) किसी संगठन में अर्हित और प्रशिक्षित कर्मचारीवृन्द और परीक्षणों और निरीक्षण साधनों के लिए आवश्यक उपस्कर सहित पर्याप्त सुविधायें होंगी।

(3) महानिदेशक निवेदन किये जाने पर और अपना समाधान कर लेने पर, अनुमोदन की प्रणाली के अधीन किसी संगठन या व्यक्ति को प्रचालन के लिये अनुमोदित कर सकेगा। जहां आवश्यक समझा जाये, वहां ऐसे संगठन और व्यक्तियों से जो विनिर्दिष्ट क्रियाकलाप में लगे हैं, महानिदेशक किसी अनुमोदित प्रणाली के अधीन प्रचालन की अपेक्षा कर सकेगी, अनुमोदित प्रणाली के अधीन प्रचालन के लिये संगठन या व्यक्ति ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(4) (क) अनुमोदित संगठन, अपने कार्मिकों के उपयोग और मार्गदर्शन के लिए, ऐसी नियम पुस्तिकाओं की व्यवस्था करेगा जिसमें उस संगठन के क्रियाकलापों से संबंधित और महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रथाओं और क्वालिटी नियंत्रण पद्धतियों के संबंध में, सूचना के ब्यौरे होंगे।

(ख) नियम पुस्तिका की पूरी प्रति या नियम पुस्तिका के ऐसे भाग जिन्हें महानिदेशक निर्दिष्ट करे, नागर विमानन विभाग के समुचित क्षेत्रीय कार्यालय को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जायेंगे।

(ग) अनुमोदित संगठन, समय-समय पर अपनी नियम, पुस्तिका का पुनरीक्षण करेगा जब कभी प्रचालनों वायुयान उपस्कर या प्रथाओं या विद्यमान वायुयान उपस्कर या प्रथाओं के साथ अनुभव में परिवर्तन होने के कारण यह आवश्यक हो, ऐसी प्रथाओं या प्रक्रियाओं का पुनरीक्षण जो वायुयान या उपस्कर की उड्डयन योग्यता या सुरक्षा पर प्रभाव डालते हैं, महानिदेशक के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन होगा।

(5) नियम पुस्तिका की प्रतियां और उनमें संशोधन अनुमोदित संगठन द्वारा अपने ऐसे कर्मकारों को जिन्हें वह आवश्यक समझे, महानिदेशक को और ऐसे अन्य व्यक्ति को जो संगठन के कार्य से संबंधित हैं और जिन्हें महानिदेशक विनिर्दिष्ट करे, दी जायेगी।

(6) संगठन के सदस्य पुस्तिका (पुस्तिकाओं) में अन्तर्विष्ट अपने कर्त्तव्यों से संबंधित सभी अनुदेशों का पालन करेंगे।

(7) संगठन यह सुनिश्चित करेगा कि उसके ऐसे कर्मकारों को आवश्यक अनुदेश देने के लिए व्यवस्था की गई है जो उनके कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों के उचित निर्वहन के लिए प्रमाणित करने के लिये प्राधिकृत है।

(8) संगठन अपने क्रियाकलाप के पूरे अभिलेख और ऐसे अन्य अभिलेख जो महानिदेशक द्वारा अपेक्षित किये जायें, रखेगा। अभिलेखों, रिपोर्टों, लागों, आरेखनों की निरीक्षण और जांच पड़ताल के लिये ऐसे समयों पर जैसे वह निर्दिष्ट करे, महानिदेशक को उपलब्ध किया जायेगा। अभिलेख ऐसी अवधि पर्यन्त रखे जायेंगे जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(9) संगठन ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा जो सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षाओं के हकदार प्रकाशन में विनिर्दिष्ट की जावे।

(10) किसी नियम के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, महानिदेशक ऐसी जांच के पश्चात् जैसी वह ठीक समझे, किसी प्राधिकार

या अनुमोदन को रद्द कर सकेगा निलम्बित कर सकेगा या पृष्टांकित कर सकेगा या ऐसी अन्य कार्यवाही कर सकेगा जिसकी व्यवस्था इस नियम के अधीन ऐसे संगठन या व्यक्ति के विरुद्ध करने के लिये की गई है जिसके बारे में उसका समाधान हो जाता है कि--

(क) इस नियम या सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षा के अधीन महानिदेशक द्वारा अनुबंधित शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है;

(ख) किसी व्यक्ति या संगठन के काम किया है या ऐसे काम की बाबत प्रमाणपत्र दिया है जिसको सावधानीपूर्वक या सक्षम रीति में नहीं किया गया है या अनुमोदन के क्षेत्र के बाहर काम किया है या उचित प्रविष्टियां और उसके प्रमाणीकरण करने में असफल रहा है या किसी अन्य कारण से जिसे महानिदेशक द्वारा इस नियम के अधीन अनुदत्त प्राधिकार या अनुमोदन को रद्द करने, निलंबित करने या पृष्टांकित करने के लिये पर्याप्त समझा गया है।

33. उक्त नियमों के नियम 140 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :--

'140. प्रचालकों द्वारा न्यूनतम अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाना:--

सभी वायुयान स्वामी और प्रचालक, भाग 13-क में अन्तर्विष्ट इंजीनियरी, निरीक्षण, नियम पुस्तिका संबंधी अपेक्षाओं और वायु मार्गों, वायुयान और वायु कर्मीदल के संबंध में ऐसी सुरक्षा अपेक्षाओं जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये, का अनुपालन करेंगे।

34. उक्त नियमों के भाग 13-क के पश्चात् निम्नलिखित भाग अन्तः स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :--

'भाग 13-क 'इंजीनियरी, निरीक्षण और नियम पुस्तिका संबंधी अपेक्षाएं--स्वामी और प्रचालक।

154. परिभाषाएं--(क) इस भाग में 'इंजीनियरी और निरीक्षण' का निर्देश उस काम के संपादन के प्रति है जो ओवरहाल, अनुरक्षण, परिवर्तन, मरम्मत, अदला-बदली, विनिर्माण, संयोजन, परीक्षण, सुधार निरीक्षण और प्रमाणन सहित वायुयान की उड्डयन योग्यता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक है।

(ख) इस भाग में, 'नियम पुस्तका' का निर्देश, यथास्थिति, प्रचालक 'अनुरक्षण प्रणाली नियम पुस्तिका' या प्रचालक 'क्वालिटी नियंत्रण नियम पुस्तिका, या किसी अन्य नियम पुस्तिका के प्रति है जिसमें ऐसे अपेक्षाएं हैं।

155. प्राईवेट वायुयान के स्वामी (1) किसी प्राईवेट वायुयान, वायुयान घटक और उपस्कर की मदों का अनुरक्षण ऐसे किया जायेगा जैसे कि महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) स्वामी वायुयान, वायुयान घटकों और उपस्कर की मदों जैसे कि वे अनुमोदित नियम पुस्तिका में सम्मिलित हैं, उड़ान के पूरे समय, अंतिम ओवरहाल से की गई उड़ान का समय है और अंतिम निरीक्षण से की गई उड़ान का समय और अन्य आंकड़ों, जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायें, का पूरा अभिलेख रखेगा।

(3) स्वामी, इंजीनियर, निरीक्षण और नियम पुस्तिका संबंधी अपेक्षाओं जो विस्तृत सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षाओं में विनिर्दिष्ट किये जायें, का अनुपालन करेगा।

155-क प्रचालक---

(1) प्रचालक, अर्हित और प्रशिक्षित कर्मचारीवृन्द तथा कर्मशाला और अन्य उपस्कर, सुविधाओं और निरीक्षण साधनों जो आवश्यक पायें जायें सहित समुचित संगठन में पहुंच पा सकेगा।

(2) निगम, अपने वायुयान और उन व्यक्तियों जिनका यहन वह वायुयान के फलक पर करता है, की सुरक्षा के लिए उड्डयन योग्यता नियंत्रण की प्रत्याशोजित प्रणाली के अधीन प्रचालन के आधार की व्यवस्था करने के लिये अनुमोदित प्रणाली के अधीन प्रचालन करेगा। महानिदेशक, आवेदन किये जाने पर और अपना समाधान होने पर अन्य अनुसूचित और अननुसूचित और हवाई कार्य प्रचालकों और उड्डयन क्लबों को अनुमोदित अनुरक्षण प्रणाली के अधीन प्रचालन करने के लिये अनुमोदन दे सकेगा। तथापि, महानिदेशक, जहां कहीं आवश्यक समझा जाये उनसे यह अपेक्षा कर सकेगा कि वे किसी अनुमोदित अनुरक्षण प्रणाली के अधीन प्रचालन करें अनुमोदित अनुरक्षण प्रणाली के अधीन प्रचालन की मंजूरी देने या उसे जारी करने या उसकी निरन्तर विधिमान्यता के लिये, प्रचालक उन अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा जो सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षा में विनिर्दिष्ट है और जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(3)(क) प्रचालक, अपने कार्मिकों के उपयोग और मार्गदर्शन के लिये ऐसी नियम पुस्तिकाओं की व्यवस्था करेगा जिनमें उस प्रचालक के क्रियाकलाप की बाबत नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रथाओं और क्वालिटी नियंत्रण पद्धतियों से संबंधित सूचना के ब्यौरे और ऐसी अतिरिक्त जानकारी होगी जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(ख) नियम पुस्तिका की पूरी प्रति या उसके ऐसे भाग जिन्हें महानिदेशक निर्दिष्ट करे नागर विमानन विभाग के समुचित क्षेत्रीय कार्यालय को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे।

(ग) अनुमोदित प्रचालक, अपनी नियम पुस्तिकाओं को समय-समय पर और अपने प्रचालनों, वायुयान, उपस्कर या प्रथाओं या विद्यमान वायुयान उपस्कर या प्रथाओं के अनुभव के संबंध में परिवर्तन होने के कारण जब कभी आवश्यक पाया जाये, पुनरीक्षित करेगा ऐसी प्रथाओं और प्रक्रियाओं जो वायुयान या उपस्कर की उड्डयन योग्यता या सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, का पुनरीक्षण महानिदेशक के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन होगा।

(4) नियम पुस्तिकाओं की प्रतियां और उनके पुनरीक्षण, अनुमोदित प्रचालक द्वारा अपने ऐसे कार्मिकों को और ऐसे अन्य व्यक्तियों को जो उस प्रचालक के काम से संबंधित हैं और जिन्हें महानिदेशक आवश्यक समझे, दिये जायेंगे।

(5) किसी अनुमोदित प्रचालक के कर्मचारी नियम पुस्तिका (पुस्तिकाओं) में अन्तर्विष्ट अपने कर्त्तव्यों से संबंधित सभी अनुदेशों का अनुपालन करेंगे।

(6) अनुमोदित प्रचालक यह सुनिश्चित करेगा कि उसके कर्मचारों को जो उनके कर्त्तव्यों और दायित्वों के उचित निर्वहन की बाबत प्रमाणित करने के लिये प्राधिकृत हैं, ऐसे अनुदेश जो आवश्यक समझे जायें, देने के लिये व्यवस्था की गई है।

(7) अनुमोदित प्रचालक सहित प्रत्येक प्रचालक, सभी विमान ढांचों, इंजनों, उपकरणों, रेडियो साधित्रों, उपस्कर और पुर्जों की बाबत जो कि अनुमोदित नियम पुस्तिका में हैं, उड़ान के कुल समय अंतिम ओवरहाल से की गई उड़ान का समय और अंतिम निरीक्षण से की गई उड़ान के समय के संबंध में पूरी अभिलेख रखेगा। वे ऐसे अन्य अभिलेख भी रखेंगे जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायें और जब कभी वे ऐसी अपेक्षा करें, ऐसे अभिलेख निरीक्षण और जांच पड़ताल के लिये उसे उपलब्ध कराये जायेंगे। अभिलेख ऐसी अवधि पर्यन्त रखे जायेंगे जो महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।

(8) प्रत्येक प्रचालक जिसमें अनुमोदित प्रचालक भी हैं, इंजीनियरी, निरीक्षण और नियम पुस्तिका संबंधी ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा जो कि सिविल उड्डयन योग्यता अपेक्षा में विनिर्दिष्ट की जाये।

(9) किसी नियम के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, महानिदेशक ऐसी जांच के पश्चात् जो वह ठीक समझे, किसी अनुमोदन या प्राधिकार को रद्द कर सकेगा, निलंबित कर सकेगा या पृष्ठांकित कर सकेगा या किसी प्रचालक या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध इस नियम के अधीन तब ऐसी अन्य कार्यवाही कर सकेगा जब कि उसका यह समाधान हो जाता है कि--

(क) इस नियम के अधीन महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की गई शर्तों और सिथिल उड्डयन योग्यता अपेक्षा का अनुपालन नहीं किया जा रहा है; और

(ख) प्रचालक या किसी अन्य व्यक्ति ने कार्य किया है या ऐसे काम की बाबत प्रमाणपत्र दिया है जो सावधानीपूर्वक या वांछित रीति में नहीं किया गया है या अपने अनुमोदन के क्षेत्र के बाहर कार्य किया है और उनकी बाबत उचित प्रविष्टियां और प्रमाणन करने में असफल रहा है, या कोई अन्य कारण विद्यमान है जिसे महानिदेशक द्वारा इस नियम के अधीन अनुदत्त अनुमोदन या प्राधिकार को रद्द करने, निलंबित करने या पृष्ठांकित करने के लिये पर्याप्त समझा गया है।'

35. उक्त नियमों के नियम 156 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा, अर्थात् :--

'156. निरीक्षण--(1) कोई भी व्यक्ति, जिसे इस निमित्त महानिदेशक के साधारण या विशेष लिखित आदेश द्वारा प्राधिकृत किया गया है,--

(क) सभी युक्तियुक्त समयों पर किसी ऐसे स्थानों में प्रवेश कर सकेगा जहां उसका इन नियमों के अधीन अपनी शक्तियों का पालन करने या कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिये प्रवेश करना आवश्यक हो।

(ख) काम के घंटों के दौरान सभी समयों पर किसी संगठन, कारखाने के उस भाग में या ऐसे स्थान में जिसमें वायुयान, वायुयान घटक, उपस्कर की मदें, सामग्रियों का डिजाइन, विनिर्माण ओवरहाल मरम्मत, परिवर्तन, संयोजन, परीक्षण, भंडारकरण हो रहा हो, में प्रवेश कर सकेगा और ऐसे संगठन, कारखाने या स्थान, वायुयान, वायुयान घटक और उपस्कर की मद और उससे संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर सकेगा।

(ग) किसी भी समय, किसी वायुयान का जिसमें ऐसा प्राईवेट वायुयान भी है जिसके बारे में इन नियमों द्वारा उड्डयन योग्य होना प्रमाणित किये जाने की अपेक्षा की गई है या जिसकी बाबत उड्डयन योग्यता प्रमाणपत्र प्रवृत्त है या निलंबित कर दिया गया है या निलंबित किया गया समझा गया है, निरीक्षण कर सकेगा।

(घ) इन नियमों में से किसी नियम या वायुयान अधिनियम, 1934 (1934 का 22) के उपबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये किसी वायुयान में प्रवेश कर सकेगा, उसका निरीक्षण कर सकेगा या उसकी तलाशी ले सकेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन निरीक्षण करने के लिये महानिदेशक द्वारा प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति, वायुयान के स्वामी या प्रचालक और संगठन को वायुयान के निरीक्षण, विनिर्माण और अनुरक्षण की पद्धति की बाबत सलाह देगा।'

36. उक्त नियमों के नियम 157 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :--

'157. दस्तावेजों की कपटना--कोई भी व्यक्ति इन नियमों के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति, प्रमाणपत्र, प्राधिकार या अनुमोदन को कपटापूर्वक किराये पर नहीं देगा या उसे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयुक्त नहीं करने देगा।'

37. उक्त नियमों की अनुसूची 3, 8 और 10 का लोप किया जायेगा।

[फा० नं० 10-ए/10-70/एआर/एएम(4)/76]
एम० एकाम्बरम, उप सचिव

**G.S.R. 1202.**—In exercise of the powers conferred by section 5 of the Aircraft Act, 1934 (22 of 1934), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Aircraft Rules, 1937, namely :—

1. (1) These rules may be called the Aircraft (Fourth Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the 1st day of September, 1976.

2. In the Aircraft Rules, 1937 (hereinafter referred to as the said rules), in rule 3,—

(1) in sub rule (1),

(i) for clause (5), the following clause shall be substituted, namely :

'(5) "Aeroplane" means a power-driven heavier-than-air aircraft, deriving its lift in flight chiefly from aerodynamic reactions on a surfaces which remain fixed under given conditions of flight;';

(2) after clause (7), the following clause shall be inserted, namely :—

'(7-A) "Aircraft component" means any part, the soundness and correct functioning of which, when fitted to an aircraft, is essential to the continued airworthiness or safety of the aircraft and includes any item of equipment;';

(3) for clause (8), the following clause shall be substituted, namely :—

'(8) "Airship" means a power-driven lighter-than-air aircraft;';

(4) after clause (9), the following clause shall be inserted, namely :—

'(9-A) "Air Transport undertaking" means an undertaking whose business includes the carriage by air of passengers or cargo for hire or reward;';

(5) after clause (10), the following clause shall be inserted, namely :—

'(10-A) "Approved maintenance system" means the maintenance system approved by the Director General of Civil Aviation;';

(6) for clause (11), the following clause shall be substituted, namely :—

'(11) "Balloon" means a non-power-driven lighter-than-air aircraft;';

(7) after clause (11), the following clause shall be inserted, namely :—

'(11-A) "Certificate of airworthiness" means a certificate issued under these rules;';

(8) after clause (13), the following clause shall be inserted, namely :—

'(13-A) "Convention" means the Convention relating to International Civil Aviation signed at Chicago on the 7th day of December, 1974, as amended from time to time;';

(9) after clause (21), the following clause shall be inserted, namely :—

'(21-A) "Flight Manual" means a manual associated with the certificate of airworthiness, containing limitations within which the aeroplane is to be considered airworthy, and contains instructions and information necessary to the flight crew members for the safe operation of the aeroplane;';

(10) after clause (25), the following clause shall be inserted, namely :—

'(25-A) "Foreign Aircraft" means an aircraft registered in a country other than India;';

(1) for clause (26), the following clause shall be substituted, namely :—

'(26) "Glider" means a non-power-driven heavier-than-air aircraft, deriving its lift in flight chiefly from aerodynamic reactions on surfaces which remain fixed under given conditions of flight;';

(12) after clause (32), the following clause shall be inserted, namely :—

'(32-A) "Item of equipment" means any self-contained unit, which, when attached to, or installed in an aircraft, performs a function essential under certain operating conditions of airworthiness or safety of the aircraft or its occupants;';

(13) after clause (33), the following clause shall be inserted, namely :—

'(33-A) "Licence" means a licence issued under these rules;';

(14) after clause (57), the following clause shall be inserted, namely :—

'(57-A) "Type Certificate" means a certificate issued or validated by the Director General to signify that the design of a type of aircraft, aircraft component or item of equipment, complies with the applicable design standard specified or approved by the Director General;';

(ii) after sub-rule (2) the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(2-A) Any power or duty conferred or imposed by these rules on the Director General may be exercised or discharged by the Director General or by any person authorised by the Central Government in that behalf".

3. For rule 7 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Documents to be carried on aircraft :—

(1) No person shall fly an aircraft unless valid documents, as required by the law of the country in which the aircraft is registered, are carried on board and are kept in such form and manner as laid down by that country.

(2) An aircraft registered in India shall carry on board valid documents as required by these rules :

Provided that where a licence or other document has been submitted to a competent authority under these rules for renewal or other action, that fact shall be deemed a valid excuse for its not being carried on board the aircraft."

4. For rule 7-B of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"7-B. Carriage of Cock-pit Check Lists in aircraft.— Every aircraft registered in India shall carry Cockpit Check Lists and Emergency Check Lists specified by the Director General for that particular type of aircraft. Such lists shall be carried in the cockpit of the aircraft readily accessible to the pilot in flight.".

5. In rule 15 of the said rules,—

(i) in the existing proviso, for the words "Provided that", the words "Provided further that" shall be substituted;';

(ii) before the proviso as so amended, the following proviso shall be inserted, namely :—

"Provided that any aircraft may be flown within the close vicinity of an aerodrome or the place of its departure, without a valid certificate of a airworthiness for the purpose of test".

6. In rule 17 of the said rules, after the word "certificate", wherever it occurs, the words "authorisation and approval" shall be inserted.

7. In rule 19 of the said rules,—

(1) in the marginal heading, for the words "and certificate", the words "certificates, authorisation and approval" shall be substituted;

(2) for sub-rule (2), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(2) the Central Government may cancel or suspend any certificate granted under these rules relating to airworthiness of an aircraft or a Type Certificate of an aircraft component, or item of equipment if the Central Government is satisfied that a reasonable doubt exists as to the :—

(a) safety of the aircraft or the type of aircraft; or

(b) the airworthiness of the aircraft component or item of equipment in respect of which a Type Certificate exists, and may vary any condition attached to any such certificate if the Central Government is satisfied that reasonable doubt exists as to whether such conditions afford a sufficient margin of safety.";

(3) in sub-rule (3),—

(a) after the word "licence" wherever it occurs, the words, "authorisation and approval" shall be inserted;

(b) the Note shall be omitted;

(4) in sub-rule (4), after the word "certificate", the words "authorisation and approval" shall be inserted;

(5) in sub-rule (5),—

(a) after the word "certificate", the words, "authorisation an dapproval" shall be inserted;

(b) at the end, the following 'Note' shall be inserted, namely :—

"NOTE.—The decision of the Central Government as to whether any ground constitutes sufficient ground for suspension of any certificate, rating, licence, authorisation or approval in the public interest under the foregoing sub-rules shall be final and binding.".

8. In rule 25 of the said rules,—

(a) for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(1) The owner or the operator and the pilot in-command of every aircraft registered in India, shall exhibit or cause to be exhibited in prominent place(s) in the aircraft notice(s) stating where and to what extent smoking is prohibited or permited therein.";

(b) for sub-rule (3), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(3) No person shall smoke—

(a) in any part of an aircraft or in its vicinity, in which a notice is displayed indicating that smoking is prohibited,

(b) anywhere in an aircraft during take-off, landing or refueling or during a period in which a notice is temporarily displayed indicating that smoking is prohibited.".

9. For sub-rule (1) of rule 30 of the said rules, the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(1) the authority empowered to register aircraft and to grant certificate of registeration in India shall

be the Central Government. The certificate of registration shall include the following particulars; namely :—

'type of aircraft, constructor's number, nationality and registration marks referred to under these rules, full name, nationality and address of the owner, usual station of aircraft and the date of registration'."

10. In clause (d) of rule 33 of the said rules for the words "Central Government", wherever they occur, the words "Director General" shall be substituted.

11. For rule 36 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"36. Register of aircraft. A register of aircraft registered in India shall be maintained by the Director General and shall include the particulars as provided for in respect of certificate of registration in rule 30. Such a register shall be open to inspection by members of the public at such times and subject to such conditions as may be specified by the Director General.".

12. For sub-rule (2) of rule 37 of the said rules, the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(2) The nationality and registration marks—

(a) shall be painted on the aircraft or shall be fixed thereto by any other means ensuring a similar degree of permanency in the form and manner as specified by the Director General, from time to time.

(b) shall be inscribed together with full name and address of the registered owner of the aircraft on the owner's name plate in the form and manner specified by the Director General, from time to time, and

(c) shall always be kept clean and visible."

13. For rule 49 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"49. Type Certificate for an aircraft, aircraft component and items of equipment, designed or manufactured in India and issue of Type Certificate.—

(1) The Director General may direct by general or special order that there shall be Type Certificate in respect of any aircraft, aircraft component or item of equipment designed, manufactured, sold or distributed in India, as a pre-requisite to the issue, renewal or continued validity of a certificate of airworthiness, in respect of an aircraft in which an aircraft component or item of equipment of that type has been fitted or installed.

(2) A person may apply to the Director General for issue of a Type Certificate in respect of any aircraft, aircraft component or item of equipment.

(3) The Director General may issue a Type Certificate when—

(a) an applicant furnishes such documents or other evidence relating to the suitability of the aircraft, aircraft component or item of equipment for aviation purposes as may be specified, inclusive of a flight test, if necessary, as the Director General may require. The applicant shall provide all necessary facilities for such inspection and tests as may be stipulated; and

(b) the Director General is satisfied as to its suitability for aviation purposes.".

14. After rule 49 of the said rules, the following rules shall be inserted, namely :—

"49-A. Issue of Type Certificate to an aircraft, aircraft components and items of equipment imported in India.—

(1) The Director General may direct by general or special order that there shall be a Type Certificate in respect of any aircraft, aircraft components or item of equipment imported in India.

(2) The Director General may issue a Type Certificate in respect of any aircraft, aircraft component or item of equipment imported in India.

49-B. Validation of Type Certificate for aircraft, aircraft components and items of equipment imported in India.—The Director General may validate a Type Certificate in respect of any aircraft, aircraft component and item of equipment, that may be imported :

Provided that—

(a) the airworthiness authority of the country in which it is manufactured has issued a Certificate of Airworthiness, Type Certificate or a similar document in respect of that aircraft, aircraft component, or item of equipment, as the case may be;

(b) it meets with the airworthiness requirements which may be laid down by the Director General; and

(c) the applicant furnishes such documents and technical data regarding the suitability of the product for aviation purposes as may be specified and as the Director General may require :

Provided furher that the Director General may, by order in writing, and subject to such conditions as may be stated in that order, exempt any aircraft, aircraft component or item of equipment from the provisions of this rule.

49-C. Type Certificate—aircraft categories.—The Type Certificate of an aircraft when issued or validated may be grouped as an aircraft in one or more categories, as may be specified. The operation of the aircraft shall be restricted those authorised.

49-D. Cancellation, suspension or endorsement on Type Certificate.—If at any time, the Director General is satisfied that there is a reasonable doubt to indicate that the safety of the aircraft is imperilled because of a defect in the aircraft, aircraft component or item of equipment of that aircraft, he may cancel, suspend or endorse the Type Certificate issued or validated for the aircraft, aircraft component or item of equipment or may require the incorporation of any modification as a condition of the Type Certificate remaining in force, as the case may be".

15. For rule 50 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"50. Certificate of airworthiness.—The owner or operator of an aircraft may apply to the Director General for the issue or renewal of a certificate of airworthiness in respect of the aircraft or for the validation of a certificate of airworthiness issued elsewhere in respect of the aircraft.

(2) The Director General may issue or renew a certificate of airworthiness in respect of an aircraft when—

(a) the applicant furnishes such documents or other evidence relating to the airworthiness of the aircraft as may be specified and as the Director General may require by special or general order, and

(b) the Director General is satisfied that it is airworthy.

(3) The Director General may validate a certificate of airworthiness in respect of any aircraft that may be imported :

Provided that—

(a) the airworthiness authority of the country in which the aircraft is manufactured, has issued a certificate of airworthiness or such equivalent document;

(b) the airworthiness requirements as may be laid down by the Director General are complied with; and

(c) the applicant furnishes necessary documents and technical data relating to the aircraft as may be specified and as the Director General may require.

(4) The Director General may issue, renew or render valid a certificate of airworthiness in one or more of the categories of aircraft as may be specified. The operations of the aircraft shall be restricted to those categories authorised in the certificate of airworthiness.

(5) Subject to these rules, a certificate of airworthiness shall remain in force for such period as may be specified in the certificate and may from time to time renewed by the Director General. In addition, the Director General may require the aircraft to be inspected by a person authorised in this behalf by the Director General or tested in flight, or to be so inspected and so tested and the owner or operator of the aircraft shall give all necessary facilities for such inspection and tests.".

16. After rule 50 of the said rules, the following rule shall be inserted, namely :—

"50-A. Conditions necessary for certificate of airworthiness and inspection, overhaul of aircraft.—The Director General may specify conditions and standards in respect of certificate of airworthiness of a particular type or class of aircraft to ensure safety of the aircraft and of persons on board the aircraft, having regard to the limitations of the aircraft.

(2) If, at any time, the Director General considers that any modification, repair, replacement, inspection or overhaul of any aircraft or type of aircraft or of any aircraft component or item of equipment of that aircraft or type of aircraft is necessary in the interests of safety, he may require the modification, repair, replacement, inspection or overhaul to be carried out as a condition of the certificate of airworthiness remaining in force.".

17. For Rule 51 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely.—"51. Flight Manual.—Where a flight manual is required to be kept in relation to an aircraft in accordance with provisions of these rules, the Director General shall endorse the certificate of airworthiness of the aircraft accordingly.".

18. For rule 52 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely.—"52. Modification and repairs.—(1) A person shall not carry out any modification or repair affecting safety of any aircraft in respect of which there is a valid certificate of airworthiness, unless he has been required to do so in pursuance of these rules or unless he has obtained the prior approval of the Director General.

(2)(a) Modifications issued by the manufacturer of an aircraft, aircraft component or item of equipment of that aircraft which have been issued a Type Certificate by the Director General or elsewhere may be deemed as approved modifications, unless otherwise specified by the Director General.

(b) Repair schemes issued by the manufacturer of an aircraft, aircraft component or item of equipment of that aircraft issued with a Type Certificate by the Director General or elsewhere and other repairs carried out in accordance with standard aeronautical engineering practice may be deemed as approved unless otherwise specified by the Director General.

(3) The Director General may give approval for repair or modification other than those referred to in sub-rule (2), of an aircraft, aircraft component, or item of equipment of that aircraft, where the owner or operator furnishes such evidence relating to the intended modification or repair and its effect on the airworthiness of aircraft as specified by the Director General.

(4) Modification which have been approved by the Director General for one aircraft, aircraft component, item of equipment may be incorporated in others of the same type provided it is within the terms of approval.

(5)(a) While an aircraft has been modified or repaired after a major damage or major defect, the aircraft shall not be flown until an appropriately licensed engineer or an authorised person has certified in the manner specified by the Director General that the aircraft is in a fit condition to be flown for purpose of experiment or test, as the case may be.

(b) While an aircraft component or item of equipment has to be modified or repaired, it shall not be released until it is certified by an appropriately licensed engineer or an authorised person as may be specified by the Director General.

(6) The form and manner of distribution of the certificate and its copies referred to in the above sub-rules and preservation thereof shall be as may be specified by the Director General.

(7) A certificate in pursuance of the preceding sub-rules shall not be issued unless the materials, parts, method comply with such designs, drawings, specifications or instructions as may be issued by the manufacturers or as may be specified or approved by the Director General. The method and the workmanship shall be in accordance with standard aeronautical practice or as may be approved by the Director General.".

19. For rule 53 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"53. Use of materials, processes, parts and periodical overhaul of aircraft.—Every aircraft required under these rules to be provided with a certificate of airworthiness and aircraft components and items of equipment on such aircraft shall periodically be inspected, overhauled and certified on completion of the prescribed flight time or calendar time or on the basis of any other stipulated condition in accordance with the approved maintenance schedules or approved maintenance system. Such inspection and certification shall be effected by appropriately licensed engineers or authorised persons as may be specified by the Dirctor General.

(2) A certificate to be issued in pursuance of sub-rule (1) shall not be issued unless the materials, processes, parts, method comply with such designs, drawings, specifications, or instructions as may be issued by the manufacturers or as may be specified or approved by the Director General. The method and workmanship shall be in accordance with standard acronautical practice or as may be approved by the Director General.

(3) Notwithstanding the foregoing provisions, the Director General may grant exemption by general or special order in writing to any person or class of persons from the operation of the foregoing sub-rules either wholly or partly, subject to such conditions, if any, as may be specified in such order.".

20. After rule 53 of the said rules, the following rule shall be inserted, namely :—

